मेरे बाबा खाटू वाले अपने दरबार बुला ले

मेरे बाबा खाटू वाले अपने दरबार बुला ले
हम तेरे प्यार में पागल हम को भी तू अपना ले
भजदे संदेशा मेरे श्याम मेरे श्याम मुझको बुला ले तेरे धाम खाटू धाम

तेरी किरपा से बाबा हमने ये जीवन पाया
अब तेरे ही हो जाए बस यही मन में आया
इतनी सी कर दया बाबा मुझको चरणों में बिठा ले
हम तेरे प्यार में पागल हम को भी तू अपना ले

अगर साथ में देगा तेरा जीवन सुधीरेगा मेरा
भव से तर जाऊँगा मैं
बोलो क्या जाएगा तेरा
तेरे प्रेमी में बाबा मेरा भी नाम लिखा दे
हम तेरे प्यार में पागल हम को भी तू अपना ले

तेरे ही भरोसे छोड़ा हम ने ये जीवन सारा,
तू जाने क्या करना है हम तेरा इक सहारा,
भानु ने जीवन नैया अब कर दी तेरे हवाले
हम तेरे प्यार में पागल हम को भी तू अपना ले

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/17680/title/mere-baba-khatu-vale-apne-darbar-bula-le

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |